भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 141
उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025
सोमवार, 10 अग्रहायण, 1947 (शक)

पीएमकेवीवाई/एनएसडीसी/एसएससी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में संबद्ध प्रशिक्षण भागीदार

141. श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ में संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) संबद्ध कार्यक्रमों और सेक्टर स्किल कांउसिल (एसएससी) पहलों सहित सरकार समर्थित कार्यक्रमों से संबद्ध या पैनलबद्ध प्रशिक्षण भागीदारों (टीपी) की क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) वर्तमान में उक्त राज्य में सक्रिय टीपी की संख्या कितनी है और इनके अंतर्गत कुल स्वीकृत प्रशिक्षण क्षमता (सीटों के संदर्भ में) कितनी है; और

(ग) क्या सरकार के पास प्रत्येक ऐसे टीपी का नाम और संपर्क ब्यौरा संबद्धता का प्रमाण, राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अंतर्गत पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों का स्तर, प्रथम संबद्धता की तिथि, वर्तमान संबद्धता/पैनल की वैधता अवधि और सभी टीपी के प्लेसमेंट प्रदर्शन (गत वित्तीय वर्ष के दौरान प्लेसमेंट दर सहित) की एक समेकित सूची है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न क्षेत्रों के तहत कुल 95 प्रशिक्षण प्रदाता पंजीकृत हैं। जिन क्षेत्रों में प्रशिक्षण भागीदार (टीपी) परिचालन कर रहे हैं उनकी सूची नीचे दी गई है:

1. **कृषि**	2. **खाद्य प्रसंस्करण**	3. **प्रबंधन**
4. **एयरोस्पेस और एविऐशन**	5. **रत्न और आभूषण**	6. **मीडिया**
7. **परिधान**	8. **ग्रीन जॉब्स**	9. **खनन**
10. **ऑटोमोटिव**	11. **हस्तशिल्प और कालीन**	12. **नलसाजी**
13. **सौंदर्य और स्वास्थ्य**	14. **स्वास्थ्य सेवा**	15. **विद्युत**
16. **बीएफ़एसआई**	17. **अवसरंचना उपकरण**	18. **दिव्यांगजनों के लिए कौशल परिषद (पीडब्ल्यूडी)**
19. **निर्माण**	20. **लौह और इस्पात**	21. **खुदरा**
22. **घरेलू कामगार**	23. **आईटी आईटीईएस**	24. **खेल-कूद**
25. **इलेक्ट्रानिक्स**	26. **जीवन विज्ञान**	27. **दूरसंचार**
28. **इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर**	29. **रसद**	30. **पर्यटन और आतिथ्य**

छत्तीसगढ़ में सक्रिय प्रशिक्षण भागीदारों (टीपी) की कुल संख्या 11 है, जिनकी कुल स्वीकृत प्रशिक्षण क्षमता 1,960 सीटों की है।

सभी मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों की जानकारी - जिसमें उनके संपर्क विवरण, मान्यता स्थिति और मान्यता तिथि के साथ संबद्धता का प्रमाण शामिल है - सिद्ध पोर्टल पर रखी जाती है, और केवल एनएसक्यूएफ-संरेखित जॉब रोल्स की अनुमति है; स्वीकृत जॉब रोल्स की पूरी सूची भी पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अलावा, उचित मार्गदर्शन और अभिविन्यास द्वारा समर्थित, विविध करियर पथ की संभावना की खोज के लिए प्रशिक्षित उम्मीदवारों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

*****